# भवन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग : बसंत साव



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में शिक्षा विभाग की ओर से लगभग 64 लाख की लागत से अतिरिक्त वर्ग कक्ष हेतु भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस भवन का निर्माण कार्य कार्यकारी एजेंसी के द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायतों पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव एवं उप मुखिया प्रतिनिधि छोटी यादव भवन निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे। मौके पर बसंत साव ने पत्रकारों से कहा कि ठिकेदार के द्वारा भवन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।कहा कि घटिया छर्री,मिट्टी से मिला हुआ बालु, बंगला इट्टा का प्रयोग खुलेआम की जा रही है। यह भवन कभी भी गिर सकती है। उन्होंने कहा कि विभाग इसका उचित जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई करें अन्यथा बाध्य होकर ग्रामीणों के साथ मिलकर भवन निर्माण कार्य बंद करा दिया जाएगा। इस बाबत जेई अर्जुन मंडल ने बात करने पर बताया कि ठिकेदार को घटिया सामग्री लगाने पर मना किया गया है इसके बाद भी घटिया छर्री, बालु और इट्टा लगा रहा है। जल्द ही इसका जांच कराई जाएगी।

## हजारीबाग में बस और बाइक की भिड़ंत

# दो सगे भाइयों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत बनासो के गरहमुर्गी के पास शुक्रवार को बस और बाइक की टक्कर में दो बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। शब्बी बस हजारीबाग से गोमिया की ओर जा रही थी, तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक की टक्कर हो गई। जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बिरजू सिंह और महादेव सिंह के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई थे और बोकारो जिलान्तर्गत चतरोचट्टी थाना के माघा गांव के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि दो मई को महादेव सिंह की शादी तय थी। दोनों भाई शादी की खरीदारी करने बाजार जा रहे थे। बड़े भाई बिरजू सिंह की शादी पिछले साल ही हुई थी, उसका दो महीने का एक बच्चा है। दोनों भाइयों की मौत की खबर सुन परिवार में कोहराम मच गया। वहीं घटना से आक्रोशित लोगों ने लगातार हो रही सड़क दुर्घटना के खिलाफ सड़क जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया।

## चौपारण : तीन बाइक की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल



**चौपारण।** चौपारण-चतरा रोड स्थित बेढना-बारा के पास शुक्रवार को तीन बाइक की आपस में टक्कर हो गई। इसमें चयकला के सैफुल इस्लाम (25) की मौत हो गई। वहीं तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चयखुर्द के असगर हुसैन (20), चयखुर्द और चतरा के मो. हुसैन उर्फ गोलू (25) शामिल है। घटना के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण ले जाया गया। जहां डॉक्टर सरवर हसन ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही चौपारण-2 के जिला परिषद सदस्य रवि शंकर अकेला अस्पताल पहुंचे। तब तक घायलों को रेफर कर दिया गया था।

## पतरातू में टीका लगने के 24 घंटे के अंदर

# बच्चे की मौत, हंगामा, सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में एक बच्चे को बीते गुरुवार को टीका लगाया गया था। टीका लगने के 24 घंटे के अंदर ही शुक्रवार की सुबह 7:30 बजे बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन बच्चे को लेकर पड़ोस के किसी डॉक्टर के पास गए। जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की बात सुनते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। बच्चे का नाम अभिराज कुमार था, वह महज साढ़े तीन महीने का था। बच्चे के पिता बबलू साव, मां ललिता कुमारी के साथ सैंकड़ों ग्रामीण बच्चे के शव के साथ पतरातू सीएचसी पहुंच हंगामा करने लगे. परिजन बच्चे की मौत की जांच और आरोपी डॉक्टरों को बर्खास्त करने की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, एएसआई अर्जुन ठाकुर व सशस्त्र बल सीएचसी पहुंचे। इस दौरान मुखिया गिरजेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, पंसस ज्योति गुप्ता के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे। पतरातू थाना प्रभारी ने सीएचसी के रजिस्टर को अपने कब्जे में लेकर डॉक्टर और एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली।





### शव के साथ सड़क पर बैठे परिजन और ग्रामीण

आक्रोशित परिजन और ग्रामीण मृत बच्चे के शव को लेकर रांची-पतरातू मुख्य मार्ग पर ब्लॉक चौक के पास बीच सड़क पर बैठ गए। जिसके बाद सड़क जाम हो गया। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि गलत तरीके से टीकाकरण किया गया, जिस वजह से बच्चे की मौत हो गई। दोषी चिकित्सकों को बर्खास्त किया जाए. आक्रोशित लोगों ने तोड़फोड़ करने की भी कोशिश की, मगर मौके पर मौजूद पुलिस ने ऐसे करने से रोक दिया। पुलिस-प्रशासन के लोगों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

## NEWS इन ब्रीफ

### दहेज प्रताड़ना के आरोपी को छत्तीसगढ़ से किया गिरफ्तार

**गढ़वा।** गढ़वा जिले की रंका थाना की पुलिस ने छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी अमित रवि, पिता राजेंद्र रवि पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और दूसरी शादी करने का आरोप है। इस संबंध में पीड़िता ने रंका थाना में आवेदन दिया था. 3 फरवरी 2023 को धारा 341/323/ 504/ 498 (ए) /34 के तहत आरोपी के खिलाफ रंका थाना में मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे उसके गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी अमित रवि, पिता राजेन्द्र रवि सुलसुली थाना त्रिकुंडा जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ का रहनेवाला है।

### संघ ने पांच सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

**गिरिडीह।** झारखंड पशुपालन विभाग एआई कर्मचारी संघ ने 28 अप्रैल को पांच सूत्री मांगों को लेकर सामाहरणालय में धरना दिया। मांगों में कर्मचारियों की नियमावली तैयार करने, विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के रिक्त पद भरे जाने, योग्यता के आधार पर एआई कर्मचारी को नियुक्ति में प्राथमिकता देने समेत अन्य मांगें शामिल है। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के मुख्य संरक्षक सह राष्ट्रीय सचिव अशोक कुमार सिंह ने भी उपरोक्त मांगों का जिक्र किया।

### पीरटांड़ में मनाया गया मोक्ष दिवस

**गिरिडीह।** जैनियों के सुप्रसिद्ध महातीर्थ मधुबन के पारसनाथ पर्वत में जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदन स्वामी का मोक्ष दिवस शुक्रवार को जैन श्वेताम्बर सोसायटी की ओर से मनाया गया। संस्था के महाप्रबंधक दीपक बैगानी ने बताया कि प्रातःकाल प्रभु अभिनंदन स्वामीजी के मोक्ष स्थल मे बने आनंद कूट की साफ-सफाई कर टोंक मे विराजमान प्रभुजी की चरणपादुका को जल व दुग्ध से प्रक्षाल कर नियमानुसार पूजा की गई।

## बोकारो : होटल हिलटॉप पर फायरिंग की घटना का खुलासा

# देसी पिस्टल व कारतूस सहित चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** बोकारो पुलिस ने शहर के सेक्टर-4 सिटी सेंटर स्थित होटल हिलटॉप और कोजी स्वीट्स पर 15 अप्रैल को हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से देसी पिस्टल व कार्बाइन सहित कई राउन्ड जिन्दा कारतूस बरामद किया है। एसपी चंदन कुमार झा ने शुक्रवार 28 अप्रैल को पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। इसी दौरान गुरुवार 27 अप्रैल की देर शाम पुलिस को शहर के दुंदीबाद स्थित एक मोबाइल दुकान के बगल वाली झोपड़ी में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे कुछ अपराधियों के छिपे होने की गुप्त सूचना मिली। पुलिस ने झोपड़ी की घेराबंदी कर जब वहां छापामारी की तो वहां छिपे अपराधी भागने लगे। पुलिस ने मौके से तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें कौशल बिहारी उर्फ कौशल प्रसाद, गौरव तिवारी और अमित कुमार महली शामिल हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बबलू किलोह उर्फ. आशुतोष गौतम नाम के एक और साथी को गिरफ़्तार किया। एसपी के मुताबिक पूछताछ के दौरान कौशल, गौरव और अमित ने बताया कि बीते 15 अप्रैल की रात इन्हीं लोगों ने सफेद अपाचे मोटरसाइकिल से बिहार के कुछ अन्य अपराधियों के साथ फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। तीनों ने बताया कि आर्या विहार में बिल्डर का काम करने वाले बबलू किलोह उर्फ आशुतोष गौतम ने ही आपराधिक गिरोह तैयार करने के मकसद से कोजी स्वीट्स ऊपर होटल हिलटॉप पर फायरिंग की घटना की प्लानिंग की थी। पुलिस ने बबलू को भी गिरफ़्तार कर लिया।



### तीनों के पास से बरामद हुए कार्बाइन और पिस्टल

तीनों अपराधियों की तलाशी के दौरान कौशल बिहारी के पास से 5 राउंड लोडेड देशी कार्बाइन और मोबाइल, गौरव तिवारी के पास से पांच राउंड लोडेड देशी पिस्टल व मोबाइल और अमित कुमार महली के पास से चार राउन्ड लोडेड एक 9एमएम की मैगजीन बरामद किया गया। इसके अलावा इनके पास से कई मोबाइल फोन व दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। छापामारी में बोकारो के सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, बोकारो स्टील सिटी के थाना प्रभारी महेश प्रसाद सिंह, बालीडीह के थाना प्रभारी रामप्रवेश कुमार, हरला के थाना प्रभारी संतोष कुमार, यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र पांडेय, पेटरवार के थाना प्रभारी विनय कुमार, सेक्टर 4 थाना के प्रवीण कुमार गुप्ता, रवि यादव, सुमित तिर्की, बीएससीटी थाना के पवन कुमार, शशिकांत प्रशांत कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### भाकपा माले ने निकाली किसान-मजदूर जन आक्रोश रैली

**गिरिडीह।** गावां के प्राथमिक विद्यालय मंझलाडीह के मैदान में शुक्रवार 28 अप्रैल को भाकपा माले ने किसान मजदूर जनाक्रोश रैली का आयोजन किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पंसस मनोज सौरेन व संचालन सुजीत हांसदा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि दर्जनों गांव के लोग जंगल मे आश्रित है। जिसे वन विभाग द्वारा जमीन व जंगल से बेदखल करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बल्थरवा गांव के तीन आदिवासियो पर झूठा मुकदमा किया गया। वन विभाग द्वारा ढिबरा बन्द कर दिया गया, जिससे गरीब आदिवासियो के बीच भुखमरी की स्थिति आ गयी है। आदिवासियों के घर और खेती की जमीन पर वन विभाग ट्रेंच काटकर परेशान कर रहा है। जबकि क्षेत्र के आदिवासी विधायक इस अत्याचार पर चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने कहा कि वन कर्मी अपने कार्यशैली में सुधार लाए अन्यथा डीसी व मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करेंगे। कार्यक्रम में अन्य दल को छोड़ भाकपा माले में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## परेशान — मकान तोड़वाने पहुंचे अधिकारियों को सहना पड़ा विरोध, रैयतों ने कहा

# पहले दो मुआवजा, फिर तोड़ो मकान

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** तिलैया पटना रोड के चौड़ीकरण मामले में रैयत और प्रशासन की लड़ाई में जनता पीस रही है। हर दिन एक नए बखेड़े ने सड़क निर्माण कार्य को बाधित किया है। इस संबंध में एनएचएआई और रैयत दोनो के अपने अपने दलील है । रैयतों का कहना है कि जितने हिस्से का मुआवजा दिया गया है वह क्षेत्र स्वेच्छा से खाली कर दिया गया है । परंतु अभी भी कई क्षेत्र ऐसे है जिसका मुआवजा नहीं मिला है, कुछ हिस्सा ऐसा भी है जो मापी से अधिक है, ऐसे में बिना मुआवजा का मकान तोड़ना अनुचित है ।जिसे हम रैयत बर्दाश्त नही करेंगे। वही एनएचएआई के अधिकारियो का कहना है कि मापी और स्ट्रक्चर दोनो पहले ही बताया जा चुका है । इस संबंध में रैयतों को मुआवजा भी दिया जा चुका है। जिन लोगो ने अपने कागजात जमा किए उनके मुआवजे की राशि उन्हे मिल गई है । परंतु कुछ रैयत अनावश्यक मांगो के साथ कई बार कागजात मांगने और कई सूचना के बाबजूद मुआवजा राशि नही लिए, ऐसे में विभाग उनके मुआवजा राशि को कोर्ट में जमा कर दिया है ।अब वैसे रैयत मुआवजा की राशि कोर्ट से ही ले सकते है । शुक्रवार को तिलैया रोड स्थित मनोज केसरी, रेखा देवी आदि ने मकान तोड़ने पहुंचे प्रशासन की टीम को मकान तोड़ने से मना कर दिया । इनलोगो का दो टूक कहना था की मुआवजे की राशि भुगतान करे और एनएचएआई मकान तोड़ दे कोई आपत्ति नही है। जबकि अतिक्रमण हटाने पहुंचे अधिकारियों का कहना था कि कार्य होना निर्धारित है । रैयतों को जो भी कहना है वह नियमानुसार करे, जिन्हे भी आपत्ति है वह कहजातो के सा विभाग से संपर्क करे। परंतु अतिक्रमित और चिन्हित स्थल पर काम होने दे । यदि रैयतो की मांगे जायज होगी तो सड़क निर्माण के बाद भी मुआवजे का भुगतान होगा । एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि तिलैया रोड में मात्र 12 स्थानों पर ही आपत्ति है ।बाकी जगह का काम पूरा किया जा रहा है । वही कुछ लोगो ने बताया कि आधे अधूरे कार्य दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है । प्रशासन को भी रैयातों के साथ आपसी सामंजस्य बनाकर मामले को शीघ्र निष्पादित करना चाहिए । अन्यथा भविष्य में किसी भी प्रकार के हादसे के लिए सीधे तौर पर प्रशासन जिम्मेवार होगा।



## पुलिस 24 घंटे के अंदर दोषी को करे गिरफ्तार अन्यथा थाना का होगा घेराव : लक्ष्मण

**बरही ।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेदकर के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ बरही थाना में आवेदन देकर विरोध जताया है। यह विरोध बरहीडीह निवासी अनिल सिंह के खिलाफ भीम आर्मी सेना के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव अंबेदकर और एआईएमआईएम के विस प्रभारी सूरज कुमार दास के नेतृत्व में मनोज रविदास, विरेंद्र रविदास, गुड्डु रविदास, विनय रविदास, सुनील कुमार, राजू रविदास, मुन्ना मिर्धा आदि लोगो ने जताया है । साथ ही टिप्पणी करने वालो के खिलाफ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी से उचित करवाई की मांग किया है । भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि बरहीडीह निवासी अनिल सिंह ने अपने फेसबुक पेज के माध्यम से भारतीय संविधान को गलत बताते हुए बाबा साहब के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट किया था । प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि उक्त युवक ने पहले भी इस प्रकार का पोस्ट कर समाज में अगड़ी और पिछड़ी का अंतराल पैदा कर नफरत की बीज बोने का काम किया है । उन्होंने प्रशासन से 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने का अनुरोध किया है । साथ ही यह भी कहा कि यदि पुलिस करवाई नही करती है तो भीम आर्मी सेना थाना का घेराव करेगी । उक्त जानकारी भीम आर्मी सेना के बरही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव अंबेदकर ने दी है ।

## फरार प्राथमिक अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी, जेल

**बरही ।** पिछले दस वर्षो से कांड संख्या 34 /15 के फरार प्राथमिकी अभियुक्त नागेंद्र कुमार उर्फ नागो उम्र करीब 45 वर्ष पिता रघुनंदन प्रसाद साकिन कुंदरिया बांध थाना कुजू (मांडू) जिला रामगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया । इनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 467 /468 /471 /471/ 420 के तहत मामला दर्ज था । उक्त जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया की मामला कोयला से संबंधित था ।

## पांच दिनों से लापता महिला का शव बरामद

**गिरिडीह।** बगोदर थाना क्षेत्र के बुढ़ाचांच जंगल से शुक्रवार 28 अप्रैल को एक महिला का शव बरामद किया गया है। मृतका की पहचान बगोदर थाना क्षेत्र के जरमुने निवासी राजेंद्र साव की 55 वर्षीय पत्नी कुंती देवी के रूप में हुई है। वह बीते चार-पांच दिनों से लापता थी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह बुढ़ाचांच जंगल में एक पेड़ से बंधा हुआ कुंती देवी का शव देखा गया। खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तत्काल ग्रामीणों ने इसकी सूचना बगोदर थाना की पुलिस को दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतका और उसका पति राजेंद्र साव पिछले पांच वर्षों से गांव में बने दो अलग-अलग मकान में दोनो अलग रहते थे। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि शव से बदबू आ रही है। दो दिन पहले ही महिला की मौत हुई होगी। हत्या है या आत्महत्या, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## डोजरिंग कर बंद किए गए अवैध सुरंग

**बोकारो।** पेटरवार पुलिस, सीआइएसएफ और ढोरी सुरक्षा विभाग ने 28 अप्रैल को संयुक्त रूप से सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र की बंद अंगवाली कोलियरी में बनाये गए अवैध सुरंगों को डोजरिंग कर बंद कराया। यहां कोयला चोरों ने अवैध रूप से कोयला खनन के लिए सुरंग बना रखा था। सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उड़के ने कहा कि अवैध कोयला खनन को बंद करने व सुरंगों को भरने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा। पेटरवार थाना क्षेत्र की अंगवाली व पिछरी बंद खदान में दर्जनों अवैध सुरंग बनाकर चोर कोयला खनन करतें हैं। जिससे सीसीएल को लाखो का नुकसान के साथ ही जानमाल का खतरा बना रहता है। कोयला चोरी के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा। मौके पर एएसआइ विशेश्वर महतो, सत्यनारायण उरॉव, चंद्रकांत सिंह, इंस्पेक्टर एके सिंह, सुनील किंडो, पवन कुमार, धीरेन कुमार राय, रंजीत कुमार, राकेश मग, मिरना दास, उमाशंकर महतो, मानिक दिगार, भोला मिश्रा, भूपेंद्र, लखन तुरी, जितेंद्र रजक, प्रमोद महतो, पुनीता, शिवानी आदि शामिल थे।

## ट्रैक्टर का डाला पलटने से 4 महिलाएं घायल

**लातेहार।** चंदवा में शुक्रवार को ट्रैक्टर का डाला पलटने से 4 महिलाएं घायल हो गयी। सभी महिलाएं अपने गांव लावागाई कुडू से एक ट्रैक्टर के डाला में सवार होकर चितरपुर जा रही थी। तभी अमझरिया पुलिस पिकेट के नजदीक ड्राइवर ने ट्रैक्टर से अपना संतुलन खो दिया, जिससे ट्रैक्टर का डाला पलट गया और उसमे सवार सभी चार महिलाएं घायल हो गयी। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से चंदवा लाया गया। जहां डॉ. बड़ाईक और अस्पताल कर्मियों ने सभी महिलाओं का इलाज किया। घायल महिलाओं में महबी उरांव, रुपन उरांव, तेतरी उरांव, सतेन उरांव शामिल हैं।

## 150 टन अवैध कोयला जब्त

**धनबाद।** झरिया के घनुडीह ओपी क्षेत्र के मोहरिबांध खेल मैदान व सीकेडब्ल्यू साइडिंग में 28 अप्रैल की शाम छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया गया। छापेमारी में झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा, घनुडीह पुलिस व सीआईएसएफ की केयूआरटी टीम शामिल थी। सीओ ने बताया कि करीब 150 टन अवैध कोयला का भंडारण किया गया था, जिसे जब्त कर लिया गया। छापेमारी की सूचना मिलते ही कोयला तस्कर फरार हो गए। सीआईएसएफ व पुलिस की टीम कोयला तस्करों को चिह्नित करने में जुटी है। स्थानीय लोगों की माने तो मोहरिबांध खेल मैदान व सीकेडब्ल्यू साइडिंग में इससे पहले भी दो बार छापेमारी की गई थी। इसके बावजूद कोयले की तस्करी जारी है। तस्कर चोरी का कोयला बाइक व साइकिलों से मोहरिबांध मैदान में भंडारण करवाते हैं। फिर इस अवैध कोयले 407 व बड़े ट्रकों से भट्ठों में भेजा जाता है।

## सिंदरी में शहीद स्मारक के पास से हटा अतिक्रमण

धनबाद। सिंदरी में 28 अप्रैल को एफसीआई ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. प्रबंधन के निर्देश पर सुरक्षा गार्डों ने नॉर्थ हॉस्टल के समीप एफसीआई के दिवंगत कर्मियों के शहीद स्मारक के समीप अवैध दुकानों को हटाया गया। हालांकि उक्त स्थल के बगल में नार्थ हॉस्टल के ग्राउंड को घेरकर स्कूल के अतिक्रमण को यूं ही छोड़ दिया गया। इससे नाराज स्थानीय लोगों ने प्रबंधन पर भेदभाव का आरोप लगाया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बीटी 28 निवासी छोटू प्रसाद ने उक्त स्थल का अतिक्रमण कर दुकान बनाई थी। एफसीआई प्रबंधन के सुरक्षा गार्डों ने इसे हटाकर सामान को उनके घर के समीप छोड़ दिया। शहर में इसकी चर्चा है कि बगल में अनाधिकृत रूप से स्कूल चल रहे स्कूल पर प्रबंधन की नजर नहीं पड़ी। इस संबंध में पूछे जाने पर एफसीआई सिंदरी यूनिट के प्रभारी विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सिंदरी में जहां-जहां अतिक्रमण है, उसे हटाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया चल रही है। ऑल इंडिया एफसीआई वीएसएस इंप्लाइज एसोसिएशन को शहीद स्मारक के लिए कंपनी ने 20203 फीट जमीन मुहैया कराई है।

## नावाडीह में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

**बोकारो।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित पोखरिया पंचायत के मोचरों के शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार 28 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री श्री 1008 मारुतिनन्दन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हुआ। पूर्व शिक्षा मंत्री स्व.जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो ऊर्फ राजू, मुखिया जयंती देवी, बसंती देवी, पूर्व मुखिया भेखलाल महतो, टुनिया देवी, झामूमों के वरिष्ठ नेता टेकलाल चौधरी, 20 सूत्री सदस्य प्यारेलाल महतो, खिरोधर महतो ने 201 कुंवारी कन्याओं व महिलाओं को माथे पर कलश देकर कलश यात्रा की शुरूआत की। कलश यात्रा शिव मंदिर से निकलकर लहिया, हरलाडीह होते हुए गोदो नाला पहुंची जहां मुख्य आचार्य शास्त्री किशोर कांत मिश्र, पुरोषत्तम पांडेय, चंद्रशेखर मिश्र, सुमित पांडेय, विक्रम मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजन और वरुण देव का आह्वान किया गया। इसके बाद जल लेकर कलश यात्रा मंदर प्रांगण के वले प्रस्थान किया। यात्रा में शामिल भक्त जय श्री राम, हर हर गंगे का जयघोष कर रहे थे। यज्ञ मंडप में पहला दिन पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन, अग्नि स्थापना के बाद हवन किया गया। यज्ञ में सभी धार्मिक अनुष्ठान का संचालन स्थानीय पुरोहित पंडित बाल्मीकि कुमार पांडेय, अनिल कुमार पांडेय, इंद्रजीत पांडेय, अंजन कुमार पांडेय कर रहे हैं।

